# कक्षा 5 हिन्दी (वीणा)

## अभ्यास प्रश्न पत्र – 5

**(सत्र – 2026-27)**

**निर्धारित समय:** 2 घंटे **अधिकतम अंक:** 50

**सामान्य निर्देश:**

▪ सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
▪ प्रश्न-पत्र को चार भागों में बाँटा गया है।
➤ भाग क (पठन) – 10 अंक
➤ भाग ख (लेखन) – 10 अंक
➤ भाग ग (व्याकरण) – 10 अंक
➤ भाग घ (पाठ्यपुस्तक) – 20 अंक
▪ प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

### भाग-क (पठन)

**1. दिए गए गद्यांश को पढ़िए।** **[5]**

हमारे गाँव के बाहर एक पुराना बरगद का पेड़ था। उसकी बड़ी-बड़ी शाखाएँ दूर तक फैली हुई थीं। दोपहर में राहगीर उसकी छाया में बैठकर विश्राम करते। पेड़ पर कई पक्षियों के घोंसले थे और उसकी जड़ों के पास छोटे-छोटे पौधे उग आए थे। गाँव के बुजुर्ग बच्चों को समझाते कि पुराने पेड़ हमारे पर्यावरण के साथी हैं। बच्चों ने उनकी बात मानी और मिलकर पेड़ के आसपास सफाई करने लगे। उन्होंने यह भी तय किया कि वे किसी पेड़ की शाखाएँ बिना कारण नहीं तोड़ेंगे।

क. बरगद का पेड़ कहाँ था?

i. विद्यालय के अंदर ii. गाँव के बाहर
iii. नदी के बीच iv. बाज़ार में

ख. राहगीर पेड़ की छाया में क्या करते थे?

i. खेलते थे ii. विश्राम करते थे
iii. पढ़ते थे iv. खाना बेचते थे

ग. पेड़ पर क्या बने हुए थे?

i. झूले ii. घोंसले
iii. घर iv. दुकानें

घ. बच्चों ने मिलकर क्या करने का निर्णय लिया?

i. पेड़ काटने का ii. पेड़ के आसपास सफाई करने का
iii. पौधे बेचने का iv. घोंसले हटाने का

ङ. 'विश्राम' का अर्थ है-

i. आराम ii. दौड़
iii. भोजन iv. यात्रा

**2. 'होली आई, होली आई' कविता के आधार पर सही उत्तर चुनिए।** **[5]**

कोयल कुहकी, गूँजे भौंरे,
पत्ते झूमे चिकने कौरे।
फूल गया टेसू जंगल में,
डूब गई दुनिया मंगल में।
सूरज चंदा सब सुखदाई,
होली आई, होली आई।

क. कविता में कौन कुहकी?

i. कोयल ii. गिलहरी
iii. चिड़िया iv. मैना

ख. किसकी आवाज़ गूँजी?

i. भौंरों की ii. मोरों की
iii. कौओं की iv. बत्तखों की

ग. जंगल में कौन-सा फूल खिल उठा?

i. गुलाब ii. कमल
iii. टेसू iv. चमेली

घ. 'झूमे' शब्द का अर्थ है-

i. हिले-डुले ii. रुक गए
iii. सो गए iv. गिर गए

ङ. कविता में सूरज और चंदा कैसे बताए गए हैं?

i. दुखदाई ii. सुखदाई
iii. भयावह iv. अँधेरे

## भाग-ख (लेखन)

**3. 'पेड़ का जादू' पाठ से प्रेरणा लेते हुए अपने मित्र को पेड़ लगाने के लाभ बताते हुए पत्र लिखिए।** **[5]**

प्रिय मित्र ________,

आशा है तुम कुशल हो।

______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________
______________________________________________________________

तुम्हारा मित्र / तुम्हारी मित्र : ________________

**अथवा**

**नगर निगम को अपने मोहल्ले में अधिक पेड़ लगाने के लिए अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।**

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

**4. नीचे दिए गए संकेतों की सहायता से कहानी पूरी कीजिए।** **[5]**

एक सुबह विद्यालय जाते समय रिया ने सड़क के किनारे एक छोटा-सा बटुआ देखा। उसने उसे उठाया। बटुए के अंदर कुछ पैसे और एक पहचान-पत्र था। रिया ने सोचा कि बटुआ उसके मालिक तक पहुँचना चाहिए। वह ____________________________

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

**अथवा**

**'मेरी सबसे यादगार सुबह' विषय पर 8–10 वाक्यों में अपने अनुभव लिखिए।**

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________________________________________________

## भाग-ग (व्याकरण)

**5. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×1 = 5]**

क. 'मित्र' का एक समानार्थी शब्द लिखिए।

ख. 'पास' का विलोम शब्द लिखिए।

ग. वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए— 'बच्चे पेड़ के नीचे खेल रहे हैं।'

घ. वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए— 'पुराना बरगद बहुत विशाल था।'

ङ. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनिए— 'पर्यावरण / पर्यावरन / पर्यावरण'

**6. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×1 = 5]**

क. मुहावरे 'हाथ पर हाथ धरे बैठना' का अर्थ लिखिए।

ख. 'जो खेती करता है' के लिए एक शब्द लिखिए— ______________

ग. 'प्रसन्न' शब्द से एक वाक्य बनाइए।

घ. रिक्त स्थान भरिए—
'बच्चे मैदान में _________ हैं। (खेल रहे/सो रहे)'

ङ. वाक्य में क्रिया पहचानिए—
'कोयल मधुर स्वर में कुहकी।'

## भाग-घ (पाठ्यपुस्तक)

**7. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[5×2 = 10]**

क. 'पेड़ का जादू' पाठ में पेड़ के नीचे छाया मिलने से बच्चों को क्या अच्छा लगता था?

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

ख. 'न्याय की कुर्सी' में राजा के सामने लड़के की सबसे बड़ी विशेषता क्या दिखाई देती है?

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

ग. 'चाँद का कुरता' कविता में चाँद की माँ किस प्रकार का कुरता चाहती है?

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

घ. 'साङकेन' में लोग एक-दूसरे पर पानी डालने के साथ चेहरों पर और क्या लगाते हैं?

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

ङ. 'चतुर चित्रकार' में शेर के जाने के बाद चित्रकार ने किस प्रकार राहत की साँस ली?

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

**8. 'किरन' कविता के आधार पर बताइए कि किरन के आने से बालिका के कमरे और आसपास का वातावरण किस प्रकार बदल जाता है।** **[3]**

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

**अथवा**

**‘जागो प्यारे’ कविता में सुबह के समय दिखाई देने वाली कोई तीन प्राकृतिक चीज़ें लिखिए।**

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

**9. ‘साङ्केन’ पाठ में वल्लरी ने वहाँ के त्योहार को पहले किस त्योहार जैसा समझा और बाद में उसे क्या पता चला? [3]**

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

**10. ‘न्याय की कुर्सी’ कहानी से मिलने वाली सीख को अपने शब्दों में लिखिए और बताइए कि कहानी में न्याय का महत्व कैसे सामने आता है। [4]**

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

**अथवा**

**‘चतुर चित्रकार’ कविता के आधार पर बताइए कि संकट के समय बुद्धि और धैर्य किस प्रकार काम आते हैं।**

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________